मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः21.02.2026

एसटीएफ व को0देहात पुलिस टीम द्वारा NDPS एक्ट से सम्बन्धित ₹ 50 हजार का इनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ्तार—

"अपर्णा रजत कौशिक" पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराध की रोकथाम एवं इनामिया/पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में एसटीएफ व थाना को0देहात पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांक 21.02.2025 को उप निरीक्षक विरेन्द्र सिंह यादव मय पुलिस टीम व थाना को0देहात पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्र से थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत मु0अ0सं0-505/2025 धारा- 8/20/25/29 स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के अभियोग से सम्बन्धित ₹ 50 हजार के इनामिया अभियुक्त संदीप वर्मा पुत्र स्व0 राम नरेश चौधरी निवासी ग्राम जौनापुर पोस्ट सिकन्दरपुर थाना सम्मनपुर जनपद अम्बेडकरनगर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है।

पंजीकृत अभियोग –

मु0अ0सं0-505/2025 धारा- 8/20/25/29 स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम थाना को0 देहात जनपद मीरजापुर।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त—

संदीप वर्मा पुत्र स्व0 राम नरेश चौधरी निवासी ग्राम जौनापुर पोस्ट सिकन्दरपुर थाना सम्मनपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—

उप निरीक्षक विरेन्द्र सिंह यादव (एसटीएफ) व थाना को0देहात पुलिस टीम।

उत्तर प्रदेश पुलिस